भाद्रपद कृष्ण पक्ष-10, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 67 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 अगस्त 2024 बुधवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

# राहुल का राग जातिवाद और मोदी को झुकाने का अहंकार


देश में प्रस्तावित दस साला जनगणना में जातीय जनगणना का राहुल गांधी का राग अब हठ की सरहदें पार कर रहा है। ओबीसी की जनगणना में हर जाति का जिक्र होने का राग तो वह पहले से ही अलाप रहे थे। लेकिन अब तो वह आरक्षण को लेकर बेतुकी बातों पर उतर आए हैं। उनकी आपत्ति इस बात को लेकर है कि फैशन शो के दौरान आदिवासी और दलित लड़कियों को आरक्षण क्यों नहीं मिलता है? उन्हें बॉलीवुड में भी यह आरक्षण मिलना चाहिए। वह मोदी को झुकाने का दावा भी कर रहे हैं जबकि यह मोदी का अहंकार तोडऩे का काम राहुल ने नहीं देश के मतदाताओं ने किया।


प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

अब उनकी इस मांग पर सिर धुनने के सिवाए कोई और रास्ता नहीं दिखता है। फैशन शो में आरक्षण कैसे हो सकता है, इसकी विधा तो राहुल बाबा ने बताई नहीं। किसी को सूझता हो तो बताएं। लेकिन राहुल गांधी की इस मांग से उनका ग्राफ एक बार फिर हिचकोले खाने लगा है। वे हमेशा मेहनत करते हैं। आगे भी बढ़ते हैं, लेकिन अचानक कुछ ऐसा कर बैठते हैं जो उन्हें जनता की निगाह में उपहास का पात्र बना देता है।

इतिहास के आईने में देखें तो भारत में जातिगत जनगणना 1931 में हुई जिसमें देश में कुल 4 हजार 147 जाति का पता लगा था। इसके बाद 1941 में भी जातिगत आधार पर जनगणना हुई लेकिन उसके आंकड़े उजागर नहीं हुए। 1951 में जब आजाद भारत में जनगणना हुई तो राहुल गांधी के परदादा यानि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जातिगत जनगणना को यह कहकर सिरे से खारिज कर दिया कि इससे देश में विभाजन के खतरे पैदा हो सकते हैं। इसके बाद 2011 तक जनगणना में जातीय आधार गायब रहा। केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के आधार पर जनगणना हुई।

2011 में भाजपा सहित लालू नीतीश आदि विरोधी दलों की मांग पर जातिगत आधार पर जनगणना तो हुई लेकिन इसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। काली



कैबिनेट ने इसको सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण मानते हुए मंजूरी दे दी। लेकिन अब जब भाजपा सत्ता में है तो अन्य पिछड़ी जाति यानि ओबीसी में शामिल जातियों के अलग-अलग आंकड़ों के साथ जातिगत आधार पर जनगणना की बात होने लगी। सवाल यह है कि यह आंकड़े आ भी गए तो इससे क्या होगा? क्या यूपीए सरकार के दौरान हुई जनगणना के नतीजे राहुल गांधी या उनकी कांग्रेस पार्टी के पास नहीं हैं? क्या रुाुल गांधी कांग्रेस में उनके परदादा पंडित नेहरू और दादी इंदिरा गांधी की रीति नीति और कांग्रेस की विचारधारा के बजाए जेएनयू के अपने वामपंथी सखाओं की सलाह पर चलकर अपने ही परिवार की नीतियों को तिलांजलि देना चाहते हैं या फिर उन्हें कांग्रेस की विचारधारा का बोध ही नहीं है?

गौरतलब तो यह है कि देश में नीतीश कुमार के पहले केरल के तत्तकालीन कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री ईएमएस नंबूदरीपाद ने 1968 में जातीय जनगणना कराई था। इसे भी सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का नाम दिया गया लेकिन उससे हासिल कुछ नहीं हुआ। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि जातीय आधार पर जनगणना में ओबीसी में शामिल हर जाति की अलग-अलग गिनती होने पर कांग्रेस को क्या हासिल होगा? इसके पीछे छुपा मकसद क्या है?

### मोदी का अंहकार जनता ने तोड़ा पर दावा राहुल का

लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के जरिए राहुल बाबा ने कांग्रेस को 52 से 99 सीटों तक पहुंचाकर और नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी संभालकर शानदार शुरूआत की थी लेकिन कांग्रेस की सीटें सवा सौ या डेढ़ सौ क्यों नहीं पहुंच सकीं ,इसका चिंतन करने के बजाए वे पूरे अहंकार से भरी भाषा बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झुकाने का दंभ भरने लगे। इससे लोगों को लगने लगा कि जो अहंकार मोदी में चुनावों के पहले भरा था उससे आज राहुल गांधी ओतप्रोत हैं।

हकीकत यह है कि मोदी को झुकाने वाले राहुल गांधी नहीं बल्कि देश के वे मतदाता थे,जिन्हें मोदी के अबकी बार 370 पार या एनडीए को चार सौ पार पहुंचाने का अहंकारी दावा पसंद नहीं आया था। मोदी तो 272 के बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाने का मलाल अभी भी पालकर बैठे हैं। केवल 240 सीटों के साथ उनको एनडीए के दलों के साथ भाझपा के आला नेता भी नजरें दिखा सकते हैं और मोदी तथा अमित शाह की बॉडी लैंग्वेज न पहले जैसी बची है और न अगले पांच साल बचेगी। कोई चमत्कार होने के आसार भी दूर दूर तक नहीं दिख रहे हैं। महाराष्ट्र और बिहार का चुनाव सिर पर है। दोनों ही राज्यों में जो जमीनी हालात नजर हैं वह एनडीए के लिए कोई नाउम्मीदगी पैदा कर रहे हैं। ऐसे हालात में इंडिया गठबंधन या एनडीए जिसे इंडी गठजोड़ कहता है, को मोदी और भाजपा की चिंता करने के बजाए अपने गठबंधन दलों की चिंता करना चाहिए जो उसे जीत के आंकड़ों के पार ले जाए।

## बिहार पुलिस को मिला 'टेला प्रुफ जैकेट'



**पटना।** बिहार पुलिस को अब पत्थरबाजी से निपटने के लिए नए और बेहतर सुरक्षा कवच मिले हैं। इस खास कवच को पहनकर पुलिसकर्मी पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे, क्योंकि यह उन्हें 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करेगा। यह कवच खास तौर पर पत्थरों और हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। पहले यह कवच जम्मू-कश्मीर में तैनात सुरक्षा बलों को दिया जाता था, लेकिन बिहार में बढ़ते हुए पथराव की घटनाओं को देखते हुए, अब बिहार पुलिस को भी यह सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जा रहा है। कुल मिलाकर यूं समझिए कि बिहार पुलिस पर अब उपद्रवी पत्थर चलाएंगे तो उन्हें चोट नहीं लगेगी, लेकिन पुलिस की लाठी लगनी तय है।

## आसाराम को इलाज के लिए मुंबई लाया गया

**मुंबई ।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम बापू 11 साल बाद जोधपुर सेंट्रल जेल से बाहर आया। दरअसल, उसे दिल संबंधी बीमारी के इलाज के लिए महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के खोपोली के एक अस्पताल में लाया गया है। राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा बापू को इलाज कराने की अनुमति देने के दो सप्ताह बाद उसे एक आयुर्वेदिक अस्पताल लाया गया। 2013 में गिरफ्तार कि गए 83 साल के आसाराम को पूरी पुलिस सुरक्षा के साथ खोपोली के एक आयुर्वेदिक अस्पताल के मल्टीडिसप्लीनरी कार्डिएक केयर क्लीनिक लाया गया है।

### ग्वालियर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, कई उद्योगों की शुरुआत

# करार की रफ्तार हजारों रोजगार, निवेश अनुष्ठान का तीसरा पड़ाव, उम्मीदें ज्यादा

**ग्वालियर, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में औद्योगिक निवेश के लिए बीते चार महीने से जारी अनुष्ठान के तहत तीसरा रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव आज दोपहर ग्वालियर में शुरू हुआ। यह देर शाम तक चलेगा। मध्यप्रदेश में 6 महीने में ये तीसरा कॉन्क्लेव है। इससे पहले जुलाई में जबलपुर और फरवरी में उज्जैन में कॉन्क्लेव हो चुके हैं। आज उज्जैन और जबलपुर के मुकाबले ग्वालियर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को ज्यादा प्रतिसाद मिलने के आसार नजर आ रहे हैं क्योंकि इसके प्रति उद्योगपतियों की दिलचस्पी ज्यादा देखी जा रही है। इसकी खास वजह कनेक्टिविटी भी है क्योंकि देश के 7 बड़े रोड कॉरिडोर ग्वालियर-चंबल रीजन से होकर या इसके पास से गुजरते हैं यह दिल्ली के भी करीब है। कान्क्लेव की शुरूआत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की, इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मप्र सरकार के कई मंत्री व शीर्ष अफसर मौजूद हैं।

आज कान्क्लेव में नामी इंडस्ट्री प्रमुखों ने ग्वालियर-चंबल रीजन में नौ सेक्टर में अपने उद्योग लाने की रुचि दिखाई है। कॉन्क्लेव में करीब 30 हजार लोगों को रोजगार देने के लिए भी रोडमैप बनाया गया है। इसके 24 प्रस्ताव सीएम डॉ. मोहन यादव के सामने पेश किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आज वर्चुअली 22 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन कर इन्वेस्टर्स को करीब तीन सौ एकड़ जमीन भी आवंटित कर रहे हैं। इनमें इंदौर की भी कुछ यूनिट हैं।




### अंचलों के जरिए नजर ग्लोबल पर

मप्र सरकार आगामी फरवरी-2025 में मप्र ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन कर रही है। इसके पहले रीजनल समिट के जरिये निवेश का माहौल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री फरवरी की समिट के लिये देश के कई राज्यों का भी दौरा कर चुके हैं और बडे उद्योगपतियों को यहां आने का आमंत्रण दे चुके हैं।

### कॉन्क्लेव में देश के बड़े बिजनेस ग्रुप शामिल

अडानी, अंबानी, बाटा के साथ कनाडा, नीदरलैंड, मैक्सिको, कोस्टारिका, टोंगो, जाम्बिया के डेलीगेट्स भी शामिल हुए हैं। **इन क्षेत्रों में हो रहे करार:** इंजीनियरिंग,टैक्सटाइल,प्लास्टिक एंड पैकेजिंग, फूड प्रोसेसिंग, आटोमोटिव्ह, कंज्यूमर प्राडक्ट, सर्विस सेक्टर, डिस्टलरीज,स्टील।

### 400 करोड़ निवेश करेगी गोदरेज

गोदरेज कंपनी ग्वालियर में साढ़े 400 करोड़ का इन्वेस्टमेंट करने जा रही है। कंपनी के अधिकारी ने कहा-गोदरेज फिलहाल पर्सनल केयर, होम केयर और हेयर केयर में काम कर रही है। पर्सनल केयर के बाद अब होम केयर और हेयर केयर में एक्सटेंशन के लिए मालनपुर में नई यूनिट शुरू होने जा रही है।

## कोलकाता में तनाव, हेलमेट पहनकर बसें चला रहे ड्राइवर


भाजपा ने बुलाया बंद

**कोलकाता।** मेडिकल कालेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस से उबले छात्र संगठनों के प्रोटेस्ट मार्च के बाद आज भाजपा ने 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। बंद के दौरान पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच कई जिलों में झड़प की खबरे हैं। सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया है। नॉर्थ 24 परगना जिले के भाटापारा में बंद के दौरान भाजपा नेता की कार पर फायरिंग हुई भीड़ की ओर से 7-8 बम फेंके गए। नादिया और मंगलबाड़ी चौरंगी में भी भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई है। दुकानें बंद करवाने पहुंचे भाजपा समर्थकों को टीएमसी समर्थकों ने लाठी-डंडे से हमला किया। बनगांव और बारासात दक्षिण में ट्रेनें रोक दी गई। कूच बिहार में सरकारी बस चालकों को गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहने देखा गया।

## फुरसतगंज बना इतिहास, आठ स्टेशनों के नाम बदले



अब सभी धार्मिक महत्व के नाम

**नई दिल्ली।** नॉर्दर्न रेलवे ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ डिवीजन के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदल दिए हैं, जिसमें जायस स्टेशन, अकबरगंज स्टेशन, फुरसतगंज रेलवे स्टेशन, वारिसगंज हॉल्ट स्टेशन, निहालगढ़ स्टेशन, बनी रेलवे स्टेशन, मिसरौली स्टेशन और कासिमपुर हॉल्ट स्टेशन शामिल हैं। इन सभी को अब धार्मिक स्थलों, महापुरुषों और आध्यात्मिक गुरुओं के नाम से जाना जाएगा। जायस स्टेशन का नाम गुरु गोरखनाथ धाम के नाम पर होगा। जिसके प्रमुख यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ हैं। कासिमपुर का नाम जायस सिटी हो गया है। वहीं मिश्रौली स्टेशन का नाम मां कालिकन धाम के नाम से जाना जाएगा। बनी स्टेशन अब स्वामी परमहंस स्टेशन होगा। निहालगढ़ स्टेशन का नाम महाराजा बिजली पासी के नाम, अकबरगंज स्टेशन मां अहोरवा भवानीधाम के नाम, तो वारिसगंज स्टेशन का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान होगा।जबकि फुरसतगंज स्टेशन का नाम तपेश्वर धाम स्टेशन रखा गया है।

## संघ प्रमुख की सुरक्षा और बढाई, अब एएसएल कवर



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

संघ प्मुख मोहन भागवत की सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है। भागवत को पहले से ही जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली है अब इससे बढ़ाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (स्रु) कर दिया गया है। भागवत की सुरक्षा सीआईएसएफ द्वारा की जाती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भागवत की सुरक्षा आईबी के थ्रेट अलर्ट के बाद बढ़ाई गई है। अब सीआईएसएफ टीम उस स्थान पर पहले से ही मौजूद रहेगी जहां मोहन भागवत को जाना होगा। मौजूदा समय में उनकी सुरक्षा में 58 कमांडो क्लॉक वाइज तैनात रहते हैं। जिस शख्स को यह सुरक्षा मिलती है उसकी सुरक्षा से संबंधित जानकारी जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागों जैसी स्थानीय एजेंसियों की भागीदारी को अनिवार्य करता है। चॉपर यात्रा की अनुमति केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए हेलीकॉप्टरों में ही दी जाती है।

मेट्रो एंकर

### चिराग की नई पॉलिटिक्स से परेशान भाजपा, शाह की चाचा से मुलाकात

# चिराग का मन डोला तो भाजपा बना रही प्लान बी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

युवा चेहरा, बेहतर चुनावी रिजल्ट और केंद्र में मंत्री, फिर भी अपनी ही सरकार के फैसलों का विरोध ! यह है चिराग पासवान की लोकसभा चुनाव के बाद की पालिटिक्स। इसने केंद्र की मोदी सरकार के रणनीतिकारों को झकझोर दिया है। लेकिन जिस तरह क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। वैसे ही भाजपा व सरकार की रणनीतियों के सूत्रधार व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की एक तस्वीर सामने आई है।जिसमें उन्होंने चिराग के बागी चाचा पशुपति पारस और प्रिंस राज पासवान से मुलाकात की है। पारस रालोजपा के अध्यक्ष हैं और प्रिंस राज रालोजपा के नेता और चिराग के दूसरे चाचा रामचंद्र पासवान के बेटे हैं। दरअसल मंत्री चिराग पासवान अपनी ही सरकार की नीतियों पर लगातार आपत्तियां जता रहे हैं। हालिया मामले में उन्होंने राष्ट्व्यापी जातीय जनगणना का समर्थन कर दिया है। चिराग के पिता रामविलास पासवान 2014 से ही मोदी सरकार में मंत्री थे। उनका चार साल पहले निधन हो गया तो चिराग ने लोजपा की कमान अपने हाथों में ले ली। वो एनडीए से दूर रहकर भी खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बताते रहे। तीसरी बार मोदी सरकार बनी तो चिराग को कैबिनेट मंत्री बना दिया गया।



### तीन महीने और चार आपत्ति!

चिराग की पार्टी दलितों-वंचितों का प्रतिनिधि होने का दावा करती है। उनके वोट बैंक कॉम्बिनेशन में मुसलमानों की भी खास जगह है। एक वक्त था जब रामविलास ने बिहार में मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने की मांग की थी। दलित वर्ग की जातियों में उपवर्गीकरण की अनुमति वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले और केंद्रीय सचिवालय में कुछ पदों को लेटर एंट्री से भरने का विरोध हो या वक्फ संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ) के पास भेजने और देशभर में जातीय जनगणना की मांग, चिराग की हर चाल को इन्हीं समीकरणों के आईने में देखा जा रहा है। अमित शाह के साथ चिराग के चाचा और चचेरे भाई की मुलाकात यदि क्रिया की प्रतिक्रिया है तो चिराग जिस स्तर पर जाकर बीजेपी को असहज करेंगे, उसी स्तर की असहजता उन्हें बीजेपी भी महसूस करवा सकती है। चाचा-भतीजे के साथ शाह की मुलाकात की यह तस्वीर



चिराग के लिए संकेत हो सकती है- विकल्प तो सबके ही खुले होते हैं। अगर पांच सांसदों के साथ चिराग कुछ मन बना रहे हैं तो गिरते-गिरते भी 240 सांसदों के आकंड़े तक पहुंच गई बीजेपी प्रतिक्रिया में पीछे रहेगी, ऐसा उम्मीद करना बेमानी होगी। उसने अभी 'विपरीत प्रतिक्रिया' का संदेश दिया है, 'बराबर प्रतिक्रिया' का दौर आएगा या नहीं, यह पूरी तरह चिराग पर निर्भर करता है। अगर चिराग आगे बढ़े तो उनकी पार्टी लोजपा को तोड़ने वाले उनके चाचा और चचेरे भाई पीछे से उनकी जगह भरने को तैयार बैठे हैं।

# भोपाल में होगा नॉन वूवन फैब्रिक उत्पाद का उत्पादन, चीन पर कम होगी निर्भरता

## टीडब्ल्यूई-ओबीटी की सहमति पर मुख्यमंत्री ने अचारपुरा में किया औद्योगिक इकाई का भूमिपूजन




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल। राजधानी में नान वूवन हाइजीन उत्पाद जैसे एडीएल, टॉप सीट और बैक सीट का उत्पादन होगा। इसके बाद इन उत्पादों के लिए भारत की चीन पर निर्भरता कम हो जाएगी। अभी इन उत्पादों के लिए चीन पर निर्भरता है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में टीडब्ल्यूई-ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड समूह की भारत में पहली इकाई का भूमिपूजन किया। यह समूह हस्त-निर्मित कालीन, नान वूवन फैब्रिक, टेक्निकल टैक्सटाइल फैब्रिक, फर्नीचर और चाय से जुड़ी सामग्री का उत्पादन करता है। यह उत्पादन देश के अंदर पहली बार 2025 के अंत तक शुरू होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे औद्योगिक समूहों को मप्र में लाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने में तो मदद करेंगे ही, साथ में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी खोलेंगे।

अचारपुरा में पुलिस चौकी खोलेंगे, कोलकाता में 19 सितंबर को इंडस्ट्रियल समिट करेंगे। प्रदेश में रोजगार आधारित इकाईयों को प्रोत्साहित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि टीडब्ल्यूई-ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड बहुराष्ट्रीय संयुक्त उद्यम है, इसका मुख्यालय एम्सडेटेन-जर्मनी में और ओबीटी ग्रुप भारत में है यह जो हस्त-निर्मित कालीन, नान वूवन फैब्रिक, टेक्निकल टैक्सटाइल फैब्रिक, फर्नीचर और चाय के क्षेत्र में कार्यरत है। नान वूवन निर्माण में यह समूह विश्व की शीर्ष सबसे बड़ी कंपनियों में से एक मानी जाती है, जिसके विभिन्न देशों में 12 संयंत्र चल रहे हैं। यह अचारपुरा में 126 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से इकाई स्थापित करने जा रहा है। सरकार ने उसे 38 हजार वर्ग मीटर जमीन दी है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। भोपाल का बैरसिया क्षेत्र जो अब तक केवल कृषि के लिए पहचाना जाता था, अब उसकी पहचान औद्योगिक केन्द्र के रूप में भी हो रही है। कार्यक्रम को बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने भी संबोधित किया। उद्योग समूह के योर्ग आर्टमियर और रूद्रा चेटर्जी ने समूह की गतिविधियों की जानकारी दी।

## संगीतमयी प्रस्तुति



सुर शंकरा की 131वीं संगीतमयी प्रस्तुति में प्रसिद्ध गायक मुकेश अंचल शर्मा एवं वॉइस ऑफ लता मंगेशकर ज्योति शर्मा ने पोलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम में गीतों की प्रस्तुति दी।

## उच्च शिक्षा : संविदा पर काम कर रहे कर्मचारी डिप्टी सीएम से मिले, अफसरों की मनमानी की शिकायत

**भोपाल।** प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों में 12 साल से संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम और वित्त व वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री जगदीश देव?ा से मिलकर उच्च शिक्षा विभाग के अफसरों की मनमानी की शिकायत की है। मंत्री के बंगले पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि वे 2012-13 से प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला परिचारक, भृत्य, स्वीपर, चौकीदार समेत अन्य पदों पर काम कर रहे हैं। शासन द्वारा बनाई गई नीति के आधार पर सतना जिले के नागौद में पदस्थ कर्मचारियों को तय वेतनमान के न्यूनतम 90 प्रतिशत का वेतन दिया जाने लगा है। इसी आधार पर उनके द्वारा भी उच्च शिक्षा विभाग से 90 प्रतिशत वेतन मांगा गया। साथ ही डेढ़ साल से रुके हुए वेतन के भुगतान की मांग की गई। लेकिन कर्मचरियों यह महंगा पड़ा है। इन्हें एक साल से वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इसकी भी शिकायत विभाग के अफसरों से की गई जिस पर कर्मचारियों से नाराज उच्च शिक्षा विभाग के अफसरों ने वेतन देने के साथ अब इन कर्मचारियों को संविदा के बजाय आउट सोर्स एजेंसी के हवाले कर सेवा में रखने का आदेश जारी करना शुरू कर दिया है। इसके चलते कालेजों में काम कर रहे 700 कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा से कम्प्लेन करने के बाद उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार के यहां भी शिकायत की है। इसके बाद मंत्री के यहां से इस मामले की फाइल तलब की गई है।

## महापौर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल के बाद भी शिकायतें बरकरार

# आवारा कुत्ते व बेलगाम-ठेले मौजूद ननि गिना रहा कार्रवाई के आंकडे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में आवारा कुत्तों की समस्या,अतिक्रमण आदि का कोई अंत नहीं नजर आ रहा है। आलम यह है कि नगर निगम का दावा है कि वह रोज दर्जनों स्ट्रीट डॉग्स पकड़ रहा है। मगर हकीकत यह है कि इससे जुड़ी 1252 शिकायतें पेंडिंग हैं। दूसरे नंबर पर स्ट्रीट लाइट और तीसरे पर सीवेज से जुड़ी समस्याएं हैं। इसीलिये जब महापौर मालती राय ने पेंडिंग शिकायतों की समीक्षा की तो उन्हें अफसरों को फोन लगाकर कहना पड़ा कि कामकाज में तेजी लाए तथा शिकायतों का निराकरण जल्द करें। उन्होंने शिकायत करने वाले लोगों को भी कॉल किया और निराकरण के बारे में पूछा। दरअसल स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम में बैठकर महापौर राय ने मोबाइल पर अफसरों को कॉल करके जरूरी निर्देश दिए। यहां महापौर ने 'महापौर महिला हेल्पलाइन' की समीक्षा की और हर विभाग के जिम्मेदारों को कॉल करके पेंडिंग शिकायतों के बारे में बताया। बताया जाता है कि बिल्डिंग परमिशन की कुल 106 शिकायतें पेंडिंग होने पर महापौर ने भवन अनुज्ञा शाखा के इंजीनियरों को कॉल करके पूछा कि इतनी शिकायतें पेंडिंग क्यों है? ऐसी शिकायतें तुरंत हल होना चाहिए। महापौर ने उद्यान, सिविल, गोवर्धन परियोजना, अतिक्रमण, सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीवेज, स्ट्रीट डॉग्स प्रभारी को भी कॉल किया।




### इन नंबर पर शिकायत की सुविधा

स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट डॉग्स, सीवेज, सफाई समेत निगम से जुड़ी अन्य समस्याएं हैं तो शहरी लोग काल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए महापौर हेल्पलाइन नंबर-155304 पर कॉल करना होगा।

### स्ट्रीट डाग्सः अभियान जारी

भोपाल में आवारा कुत्तों के आतंक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके चलते महापौर हेल्पलाइन में इनकी शिकायतें की जा रही हैं। यही कारण है कि इन शिकायतों संख्या भी बढ़कर 1252 हो गई है, जो अन्य शिकायतों की तुलना में सबसे ज्यादा है। दूसरी ओर, निगम का कहना है कि वह पिछले एक सप्ताह से स्ट्रीट डॉग्स को पकड़कर उनकी नसबंदी करा रहा है। लेकिन कई बार निगम अमला किसी क्षेत्र में आवारा कुत्ते पकडने जाता है तो कुछ पशुप्रेमी लोगों के विरोध या अन्य रौबदाब के चलते लौट भी आता है।

### ठेले गुमटी समस्या बदस्तूर

शहर में मुख्यस्थानों पर अवैध रूप से लगाई गई गुमटी व ठेले के मामले में भी निगम रस्मी कार्रवाई कर रहा है। जबकि सड़कों पर ही भवन निर्माण सामग्री सहित अन्य प्रकार के सामानों की दुकानें भी समस्या बनी हुई हैं। अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने हाल के दिनों में बैरागढ़, कोलार रोड, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर, बिलखिरिया रायसेन रोड, पुराना आरटीओ ऑफिस, बांसखेड़ी, मिसरोद रोड, जेल रोड, करोंद चौराहा, पीपल चौराहा, बैरसिया रोड, 1100 क्वाटर्स, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, रंगमहल चौराहा, न्यू मार्केट, टीटी नगर, जहांगीराबाद बाजार आदि क्षेत्रों में कार्रवाई का दावा किया है लेकिन समस्या जस की तस है।

# दादाजी नारायण वासवानी के कार्य अनुकरणीयः वासवानी

**दादा श्री नारायणदास की पुण्यतिथि मनाई**




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नारायण सेवा संस्था संतनगर के प्रमुख दादा नारायणदास वासवानी की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के शंकर असूदानी ने दादाजी द्वारा सिन्धी समाज के साथ अन्य समाज के लिये किये गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशीलकुमार वासवानी ने कहा दादाजी द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों को निरन्तर जारी रखा जाएगा, जिसमें प्रमुख रूप से सिलाई कड़ाई सेन्टर होम्योपैथी दवाखाना आर्थिक रूप से हर सँभव मदद कम्प्यूटर सेंटर रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता सन शाइन ट्रस्ट के सहयोग से दीपावली मिलन व अन्य कार्य निरन्तर जारी है। पूण्य तिथि पर पंडित राजकुमार गर्ग द्वारा हवन किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भगवानदास वीधानी जानकीलाल भारानी किरण वाधवानी शोभा शेवकरामणी मोनिका हरचंदनानी आरती परमाल आसुडो लछवानी खिमला पंजवानी नरेश वासवानी किरण वासवानी सुरेश वासवानी नीलम तोलानी आदि उपस्थित रहे।

## रोल बॉल स्केटिंग में दक्ष को स्वर्ण पदक



**हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्र दक्ष नायक ने राज्य स्तरीय अंडर -14, रोल बॉल स्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन कैंपियन स्कूल भौंरी में किया गया था। दक्ष की सफलता में स्केटिंग प्रशिक्षक राकेश पाटिल का प्रशिक्षण है। स्वर्ण पदक हासिल करने पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने दक्ष को बधाई दी है।

# जीवन को तनाव से न भरें, आनंद से भरे रहें : लालसाईं

**टेंपल ऑफ संबोधि में मना जन्माष्टमी**

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



टैंपल ऑफ संबोधि में सोमवार रात श्रीकृष्ण जन्मोष्टमी पूजन, आरती, सत्संग के बीच मनाई गई। संबोधि के प्रमुख वेदांत विचारक लालसाई ने अनुयायियों के साथ भजनों पर नाचते हुए कान्हा जन्म को उत्सव मनाया।

लाल साईं जी महाराज ने कहा कि जीवन में कुछ भी निश्चित नहीं है लेकिन हमारी हर संभव कोशिश होती है की हम यह निश्चित कर ले कि हमारे जीवन में कोई दुख नहीं आएगा कोई परेशानी नहीं आएगी और यही सोचकर हम उसके लिए प्रयास करते हुए अपना जीवन तनाव से भर देते हैं ।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण कोरिया से आयी एक रिसर्च में पाया गया कि वहाँ का युवा परमात्मा में विश्वास नहीं करता है इसलिए वह कुछ भी कर लेने से पहले निश्चित कर लेता है कि इसमें कोई जोखिम नहीं है और यह है निश्चित करने के लिए कुछ भी करने से पहले वो बहुत सोचता है और सोचते सोचते तनाव में आ जाता है और अपने घर से बाहर नहीं निकलता है घर का कचरा भी घर के बाहर नहीं फेंकता है और उसका घर एक कचराघर बन जाता है । जीवन का सौंदर्य अनिश्चितताओं में है अनिश्चितता का मतलब है ईश्वर पर अटूट श्रद्धा।

**मेट्रो एंकर**

## मोदीजी ने मुझे बहनों को लखपति बनाने का सौंपा है जिम्मा - शिवराज

# डेढ़ लाख बहनों के स्नेह-कुंभ में बांधी राखी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा में वृहद रक्षाबंधन महोत्सव मंगलवार को नीलबड़ में समापन हो गया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व विधायक रामेश्वर शर्मा को हजारों बहनों ने रक्षा सूत्र बांधे। शिवराज ने कहा, दिल्ली में मुझे मोदीजी ने बहनों को लखपति बनाने का काम सौंपा है।

फंदा में बहनों के बीच शिवराज ने कहा कि - मैंने जब से राजनीति में कदम रखा तभी से मैं बहनों और भांजियों के जीवन को बदलने के कार्य कर रहा हूँ। मैंने बहनों और बेटियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। राजनीतिक दृष्टि से मुझे भले ही कोई भी जिम्मेदारी मिले लेकिन बहनों के लिए कार्य करना मेरी सदैव से ही प्राथमिकता रही है। उन्हीं प्रयासों की कोई राज्य लाड़ली बहना योजना से बच नहीं सका, ऐसी नींव हमने मध्यप्रदेश में डाली है।




### डेढ़ लाख बहनों का मिला आशीर्वादः

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - पूरी विधानसभा की बहनों ने जो आशीर्वाद प्रदान किया उससे मन अभिभूत है। डेढ़ लाख से अधिक बहनों ने रक्षाबंधन महोत्सव में सम्मिलित होकर मुझे राखी बांधी। जिस भाई के सिर पर डेढ़ लाख से अधिक बहनों का आशीर्वाद हो उसे भला दुनिया में क्या डर होगा।

# नारारायण गुरूदेवीजी की जयंती पर प्रार्थना सभा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जगदगुरू श्री नारारायण गुरूदेवीजी के 170 वाँ जयन्ती पर प्रार्थना सभा आयोजन किया गया। सीटीओ, बैरागढ़, में चेयरपेरशन के. टी. कन्नन के सानिध्य में प्रार्थना सभा हुई।



समाज के अध्यक्ष श्री पी. अरविन्दाक्षन ने बताया कि गुरूजी ने उनका पूरा जीवनकाल गरीबों अथः स्थित वर्गो को ऊपर उठाने तथा एक जाति एक धर्म एक ईश्वर मानव को इस मुख्य मुद्दे पर समर्पित किया। मुख्य रूप में जननी अशोकन, जया विनोद, श्रीमति श्वेता, कुमारी लउली, बेबी अरविन्दाक्षन और सुनील सोमनाथन इत्यादि ने विश्व शान्ति के लिए भी एक अच्छा प्रार्थना प्रस्तुत किया गया है। डॉ बिन्दुश्री अरविन्दाक्षन ने इस प्रार्थना सभा आयोजन में उपस्थित रहीं। समाज के जनरल सेक्रेटरी टी.वी. सुब्रम्हणियन, एस. एन. मिशन भोपाल के एरिया सेक्रेट्री सजीमोन ने आभार व्यक्त किया।

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

INVEST MADHYA PRADESH

MSME

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
7-8 फरवरी 2025, भोपाल

उद्योगों के लिए स्वर्णिम अवसरों का प्रदेश
मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, ग्वालियर

"इतिहास, विरासत एवं उद्योग का संगम"

## शुभारंभ

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

**28 अगस्त, 2024 । प्रातः 10:00 बजे**
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश एवं ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं का प्रदर्शन
MSMEs का सशक्तिकरण एवं नए निवेशों के माध्यम से औद्योगिक विकास




### सम्मेलन के मुख्य बिंदु

- 3500+ प्रतिभागी
- 7 देशों के प्रमुख प्रतिनिधि
- बायर-सेलर मीटिंग
- वन-टू-वन मीटिंग
- थीमैटिक सेशन

### फोकस एरिया

एक जिला एक उत्पाद (ODOP) पर केन्द्रित MSME एवं निर्यात क्षेत्र
स्टार्टअप्स, सूचना प्रौद्योगिकी (IT & ITeS) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स (ESDM)
उच्च शिक्षा एवं कौशल, पर्यटन, ग्रामीण, हाथकरघा, हस्तशिल्प एवं फुटवियर उद्योग

D-11056/24

Website : invest.mp.gov.in

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश से जुड़ने के लिए स्कैन करें

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

Knowledge Partner: EY Building a better working world
National Partner: CII Confederation of Indian Industry

MPIDC(@MPIDC)/Twitter MP Industrial Development Corporation (MPIDC) MPIDC I Facebook MPIDC (@mpidc_gomp) MPIDC - YouTube

संपादकीय

# जानलेवा रील्स-सेल्फी का रोग

*अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता है, जब लोग अपनी फोटो खिंचवाने के लिए बकायदा समय व रुपयों की सुनिश्चितता के बाद बाजार जाते थे या फोटोग्राफर को बाहर लेकर मनचाही फोटो खिंचवाते थे। फोटो खिंचाने जाने एक उत्सव की तरह होता था, तथा फोटो एल्बम में दर्ज वह फोटो तीस चालीस या पचास साल बाद भी बेहद सुकून देते हैं। लेकिन वह दौर अब हवा हो चुका है, न तो फोटोग्राफर की जरूरत नहीं और न ही समय या मौका चुनने की। मोबाइल फोन क्रांति ने यह सब एक क्लिक पर मुहैया करा दिया है,इसी की उपज है लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव। यह बदलाव तो स्वाभाविक भी है, लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि इसके नतीजे सकारात्मक हों। दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है बल्कि इस बदलाव ने हादसों के कई मंजर रच दिये हैं। इसीलिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विद्यार्थियों की ओर से किए गए एक अध्ययन के निष्कर्ष चौंकाते हैं। इसके मुताबिक, सेल्फी लेने के दौरान दुनिया में होने वाली मौतों के मामले में भारत पहले स्थान पर है। रिपोर्ट से लोग इत्तेफाक भी रखते होंगे क्योंकि आए दिन सेल्फी लेने के दौरान या रील बनाने के वक्त हुए कई दर्दनाक हादसे सुनने में आते हैं। अक्सर यह देखने में आया है कि लोगों के बीच सोशल मीडिया के आभासी जगत में रातों-रात लोकप्रियता पाने की भूख लगातार बढ़ रही है। स्मार्ट फोन के कैमरे से हर थोड़ी देर में सेल्फी लेना और रील (कम अवधि के छोटे वीडियो) बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का शौक किशोरों और युवाओं पर इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसके लिए अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगा देते हैं। हाल में उत्तर प्रदेश के बनारस में सेल्फी लेने के चक्कर में तीन विद्यार्थियों के गंगा के तेज बहाव में बह जाने की घटना बेहद दुखद है। इनमें एक छात्रा और उसके दो दोस्त शामिल थे, जो पटना से यहां घूमने गए थे। सेल्फी लेने या रील बनाने के दौरान हादसे में मौत की खबरें आए दिन आती रहती हैं। कई बार इस तरह की हरकतों के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। मगर सोचने की बात यह है कि लोग ऐसी घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते हैं। सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील के जरिए चंद लोगों की वाहवाही बटोरने के लिए अपने साथ-साथ अन्य लोगों की जान को खतरे में डालना वास्तव में गंभीर मसला है। किशोरों और युवाओं में बढ़ती जोखिम भरी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने के लिए उनके अभिभावकों की भूमिका अहम है। परिजनों को अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि उनकी जिंदगी परिवार वालों के लिए सेल्फी और सोशल मीडिया से ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर व्यापक व स्पष्ट तौर पर चेतावनी चस्पां की जाए, जहां सेल्फी लेना जोखिम भरा हो सकता है। सार्वजनिक स्थलों पर नियमों को ताक पर रखकर सेल्फी लेने और रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। जबकि देश में कई स्थानों पर प्रशासन ने सुरक्षित सेल्फी पाइंट तक बना दिये हैं, वैसे तो ऐसे शौक को उचित नहीं कहा जा सकता, जो किशोरों और युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हो लेकिन बदलते वक्त व तकनीक के विकास को रोका भी नहीं जा सकता, इसके लिये सामाजिक सख्ती की ही जरूरत सबसे ज्यादा है।*

# क्या सिर्फ रिपोर्ट से शोषण रुकेगा, पिछले अनुभव करते हैं निराश

■ क्षमा शर्मा

पिछले कुछ दिनों से मलयालम फिल्म उद्योग चर्चा में है। इसका कारण है वहां के फिल्म उद्योग में महिलाओं की स्थिति की पड़ताल के लिए बनाई गई जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट। वर्ष 2017 में एक मशहूर अभिनेत्री ने अभिनेता और फिल्मकार दिलीप पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। तब इस पर केरल में काफी हो-हल्ला हुआ था, तो सरकार ने यह कमेटी बनाई थी। लेकिन 2019 में कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंपने के बाद भी सरकार ने उसे जारी नहीं किया था। सरकार ने इसका कारण बताया कि इससे उन महिलाओं की निजता का हनन होगा, जिन्होंने इस कमेटी के सामने आकर अपनी बातें कहीं।

केरल उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जब अंततः बीते 19 अगस्त को सरकार द्वारा इसे जारी किया गया, तभी से वहां राजनीतिक भूचाल आ गया है। इस रिपोर्ट का वुमेन ऐंड सिनेमा कलेक्टिव ने स्वागत किया है। इस संगठन ने कहा है कि इतिहास में यह पहली बार है, जब हमारे पास एक ऐसी रिपोर्ट है, जो बताती है कि फिल्मी दुनिया में लैंगिक असमानता कितनी ज्यादा है। मलयाली फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्रियां किस तरह शोषण का शिकार होती हैं, इसकी कहानी जैसे रिपोर्ट का हर पृष्ठ कहता है। इसमें बताया गया है कि जैसे ही कोई स्त्री मलयालम फिल्मों की दुनिया में प्रवेश करती है, सबसे पहले काम देने के बदले उससे सेक्सुअल फेवर की मांग की जाती है। यदि वह ऐसा करने से मना करती हैं, तो उसे कहीं काम नहीं मिलता। इसके अलावा, ठहरने के लिए अलग से कमरा, शौचालय की सुविधा, आने-जाने की व्यवस्था और सुरक्षित वातावरण जैसी मामूली सुविधाएं भी नहीं मिलतीं। कार्यस्थल पर स्त्रियों से अश्लील बातें करना, समय पर पैसे न देना, दिए भी तो आधे-अधूरे पैसे देना, शिकायतों के लिए किसी संस्था का न होना आदि ऐसी बातें हैं, जो स्त्रियों ने हेमा कमेटी के सामने बताई थीं। जिन अभिनेत्रियों ने जस्टिस हेमा कमेटी के सामने बयान दिए, उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। बत्तीस साल की एक अभिनेत्री ने बताया कि जब वह जस्टिस हेमा कमेटी के सामने बयान देने गई, और खुलकर अपनी बातें रखीं, तो उसे काम मिलना बंद हो गया और उसे फिल्मी दुनिया को छोड़ना पड़ा। आज वह एक मामूली-सी नौकरी करती है।

ऐसे ही अनुभव वुमेन सिनेमा कलेक्टिव से जुड़ी बहुत-सी अभिनेत्रियों और तकनीकी क्षेत्र की विशेषज्ञ महिलाओं के हैं। इनमें से अधिकांश का कहना है कि चूंकि उन्होंने काम की खराब परिस्थितियों के बारे में बोला है, इसलिए उन्हें परेशानी पैदा करने वाली महिला बताया जाता है। कहा जाता है कि वे उन समस्याओं के बारे में बता रही हैं, जो मलयालम फिल्मोद्योग में हैं ही नहीं। जबकि तमाम भुक्त-भोगियों का कहना है कि यह उद्योग लैंगिक भेदभाव के मामले में बहुत निचले पायदान पर है। मलयालम फिल्मोद्योग में काम करने वाली महिलाओं ने विरोध स्वरूप 2017 में एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट छोड़ दिया था। वे वुमेन सिनेमा कलेक्टिव की सदस्य बनी थीं। महिलाओं की शिकायत थी कि एसोसिएशन ने उस अभिनेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जिसने एक अभिनेत्री का यौन शोषण किया था। वह अभिनेत्री भी इस एसोसिएशन की सदस्य थी।

***ऐसे ही अनुभव वुमेन सिनेमा कलेक्टिव से जुड़ी बहुत-सी अभिनेत्रियों और तकनीकी क्षेत्र की विशेषज्ञ महिलाओं के हैं। इनमें से अधिकांश का कहना है कि चूंकि उन्होंने काम की खराब परिस्थितियों के बारे में बोला है, इसलिए उन्हें परेशानी पैदा करने वाली महिला बताया जाता है। कहा जाता है कि वे उन समस्याओं के बारे में बता रही हैं, जो मलयालम फिल्मोद्योग में हैं ही नहीं। जबकि तमाम भुक्त-भोगियों का कहना है कि यह उद्योग लैंगिक भेदभाव के मामले में बहुत निचले पायदान पर है। मलयालम फिल्मोद्योग में काम करने वाली महिलाओं ने विरोध स्वरूप 2017 में एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट छोड़ दिया था। वे वुमेन सिनेमा कलेक्टिव की सदस्य बनी थीं। महिलाओं की शिकायत थी कि एसोसिएशन ने उस अभिनेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जिसने एक अभिनेत्री का यौन शोषण किया था। वह अभिनेत्री भी इस एसोसिएशन की सदस्य थी।***



हिंदी फिल्म उद्योग में भी कास्टिंग काउच की शिकायतें अधिकांश अभिनेत्रियां करती रही हैं। 'मी टू' के बाद बड़ी संख्या में अभिनेत्रियों ने इस बारे में बातें की थीं। पर अफसोस की बात है कि जब भी वे बातें करती हैं, तो अक्सर कहती हैं कि फलां ने मुझे इस बारे में बताया था। अपने बारे में कभी नहीं कहतीं कि उन्हें भी इस तरह की मुसीबतों को झेलना पड़ा था। फिल्मी दुनिया में स्त्रियों के शोषण का मामला कोई नया नहीं है। दुनिया भर में फिल्मों में काम करने वाली स्त्रियों को शारीरिक व मानसिक शोषण से गुजरना पड़ता है। एक बार अनुपम खेर ने एक विदेशी अभिनेत्री के बारे में कहा था कि काम पाने के लिए उन्हें फिल्म जगत से जुड़े तीन सौ पुरुषों को खुश करना पड़ा था। असल में अभिनेत्रियों को यही डर सताता है कि यदि वे अपने शोषण के बारे में बोलेंगी, तो उन्हें फिल्मोद्योग में काम नहीं मिलेगा। गुजरे जमाने की मशहूर मराठी अभिनेत्री हंसा वाडेकर ने अपनी जीवनी में ऐसी ही बातों का उल्लेख किया था। यह जीवनी एक मशहूर हिंदी पत्रिका में धारावाहिक छपी थी। इसी जीवनी पर मशहूर फिल्मकार श्याम बेनेगल ने भूमिका नाम से फिल्म बनाई थी। आशा की जानी चाहिए कि जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट के बाद मलयाली फिल्मोद्योग में अभिनेत्रियों के कामकाज की स्थितियों में सुधार होगा।

- साभार

एक लेखक मरने के बाद अपनी किताबों में तब्दील हो जाता है।

– होर्खे लुई बोर्खेस

## आज का इतिहास

- 1612: सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तगालियों को हराया।
- 1833: ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम को कानून का रूप दिया गया।
- 1842: ग्रेट ब्रिटेन और चीन के बीच नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर के साथ ही पहला अफीम युद्ध समाप्त।
- 1887: गुजरात के पहले मुख्यमंत्री जीवराज मेहता का जन्म।
- 1905: भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म।
- 1916: अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति दी, फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
- 1931: नागा आध्यात्मिक गुरु जदोनांग का निधन।
- 1932: नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में अंतरराष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।
- 1941: रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की।
- 1945: ब्रिटिश ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया।
- 1949: भारत के शीर्ष वैज्ञानिक के. राधाकृष्णन का जन्म। उनके नेतृत्व में भारत ने पहले प्रयास में मंगल पर अपने मंगलयान को पहुंचाया।
- 1953: रूस ने पहला हाइड्रोजन बम विस्फोट किया।
- 1957: नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया गया।
- 1969: करगिल युद्ध में शहीद हुए मेजर मनोज तलवार का जन्म हुआ था।
- 1974: चौधरी चरण सिंह ने लोकदल पार्टी की स्थापना की।
- 1976: प्रसिद्ध बंगाली विद्रोही कवि, संगीतज्ञ और दार्शनिक काजी नजरुल इस्लाम का निधन।
- 1996: आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत।
- 1998: पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित।
- 2000: न्यूयार्क में चार दिवसीय विश्व शांति शिखर सम्मेलन शुरू।

## निशाना

### हैं दगे सवाल !



- कृष्णेन्द्र राय

साधना और मौन को ।
लेकर मचा बवाल ।।
ये कैसा अधिकार है ।
हैं दगे सवाल ।।
अपने अपने स्तर पर ।
है काफी विरोध ।।
कब कहां नहीं जाना ।
है अधूरा शोध ।।
है पड़ताल जारी ।
कहां कहां नुकसान ।।
कैमरा भी इसमें ।
डाल दिया है जान ।।
हुई पर शिकायत ।
ज़ोर था लगाया ।
पर असफल प्रयास अब तक ।
काम नहीं है आया ।।

# घर और बाहर, दोनों से निवेश आना चाहिए, तभी आएगी स्थिरता

■ अजय बग्गा

हाल के वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में शेयरों के स्वामित्व में महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। शेयरों के स्वामित्व के मामले में घरेलू निवेशक विदेशी निवेशकों से आगे निकल रहे हैं। ऐसे में इस प्रवृत्ति में योगदान देने वाले कारकों, भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों के लिए इसके निहितार्थ और भारत में घरेलू और विदेशी निवेश के भावी दृष्टिकोण को समझना दिलचस्प है। पारंपरिक रूप से, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई), जिन्हें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भी कहा जाता है, भारतीय शेयर बाजार में प्रमुख भूमिका निभाते थे। उनकी भागीदारी से पर्याप्त पूंजी प्रवाह हुआ, जिससे बाजार में तरलता और समग्र आर्थिक विकास में योगदान मिला। हालांकि, 2010 के दशक के अंत और 2020 के दशक की शुरुआत में परिदृश्य बदलना शुरू हो गया, क्योंकि खुदरा और संस्थागत निवेशकों सहित घरेलू निवेशकों ने बाजार में अपनी पकड़ बनाना शुरू कर दिया।वित्त वर्ष 2014 से, जब एफआईआई स्वामित्व 22 फीसदी था और घरेलू खुदरा और घरेलू संस्थागत स्वामित्व 18 फीसदी था, संरचना उलटने लगी। वित्त वर्ष 2024 में एफआईआई स्वामित्व 18 फीसदी तक कम हो गया है, जबकि घरेलू स्वामित्व 24 फीसदी तक बढ़ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय परिवारों ने ऐतिहासिक रूप से अपनी बचत का एक बड़ा हिस्सा बैंक जमा, सोना और रियल एस्टेट जैसे पारंपरिक साधनों में लगाया है। लेकिन हाल के वर्षों में शेयर बाजारों में उनकी रुचि बढ़ती देखी गई है। अनुमान है कि 2024 तक भारत में कुल घरेलू बचत का लगभग 8-10 फीसदी हिस्सा इक्विटी में निवेश किया जाएगा। यह भारतीय परिवारों में शेयर बाजार निवेश की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

खुदरा निवेश में यह वृद्धि कई कारणों से हुई है, जिसमें बढ़ी हुई वित्तीय साक्षरता, ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का प्रसार और शेयर बाजार तक आसान पहुंच भी शामिल है। कोविड-19 महामारी ने इसे और तेज कर दिया, जिससे नए डीमैट खातों और बाजारों में नए निवेशकों के प्रवेश में उछाल आया। पिछले एक दशक में भारतीय शेयर बाजारों के शानदार प्रदर्शन ने खुदरा निवेशकों को आकर्षित किया। पारंपरिक बचत साधनों की तुलना में उच्चतर रिटर्न की संभावना ने परिवारों को अपनी बचत का अधिकाधिक हिस्सा शेयर में लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम्स (ईएलएसएस) जैसी कर-बचत योजनाओं ने शेयर बाजार में निवेश को प्रोत्साहित किया है, जिससे यह अधिक आकर्षक बन गया है। युवा आबादी वित्तीय बाजारों में निवेश करने के लिए अधिक इच्छुक है। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और शेयर बाजार में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई विभिन्न सरकारी पहलों ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के फंड का एक हिस्सा शेयर बाजारों में निवेश करने के सरकारी आदेश से भी घरेलू निवेशक श्रेणी में पर्याप्त प्रवाह हुआ है। भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता ने विदेशी निवेशकों को सतर्क बना दिया है। इसके विपरीत, घरेलू निवेशक, जो अक्सर वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के प्रति अधिक लचीले होते हैं, ने निवेश करना जारी रखा है। भारतीय विनियामक ढांचा घरेलू निवेशकों को सहायता देने के लिए विकसित किया गया है। पारदर्शिता बढ़ाने और निवेशकों के हितों की रक्षा करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा की गई पहलों ने स्थानीय निवेशकों के लिए



अधिक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया है। महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने और सकारात्मक विकास संभावनाओं ने घरेलू निवेशकों को बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटलीकरण और विनिर्माण पर सरकार के जोर देने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

शेयरों के घरेलू स्वामित्व में यह वृद्धि बाजार में अधिक स्थिरता लाएगी। घरेलू निवेशक आम तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास से ज्यादा जुड़े होते हैं, जिससे विदेशी निवेशकों के साथ होने वाली अचानक बिक्री का प्रभाव कम हो जाता है। स्वामित्व की गतिशीलता में यह बदलाव भारतीय शेयर बाजार में मूल्यांकन पैमाने को भी प्रभावित करेगा। जैसे-जैसे घरेलू निवेशक बाजार की गतिविधियों के प्राथमिक चालक बनते हैं, उनकी निवेश रणनीतियां और प्राथमिकताएं बाजार के रुझान को आकार देंगी। घरेलू निवेशकों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण, कंपनियों को कॉरपोरेट प्रशासन और प्रदर्शन के संबंध में अधिक जांच का सामना करना पड़ सकता है। इस बदलाव से कॉरपोरेट प्रथाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार हो सकता है। लेकिन इन सकारात्मक रुझानों के बावजूद, घरेलू निवेशकों के लिए कई चुनौतियां बनी हुई हैं, जो बाजार की भावना से प्रभावित हो सकते हैं, जिससे संभावित अस्थिरता हो सकती है। मुद्रास्फीति, ब्याज दर में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक स्थितियां अब भी घरेलू निवेश पैटर्न को प्रभावित कर सकती हैं। विनियमन या कराधान नीतियों में अचानक कोई बदलाव निवेशकों के विश्वास और बाजार की गतिशीलता को प्रभावित कर सकता है। निष्कर्ष के तौर पर, भारतीय शेयरों के स्वामित्व में विदेशी निवेशकों की तुलना में घरेलू निवेशकों का आगे निकल जाना अर्थव्यवस्था और इसके विकास की क्षमता में घरेलू निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। हालांकि चुनौतियां बनी हुई हैं, पर घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से दीर्घावधि में अधिक लचीले और स्थिर बाजार में योगदान की संभावना है। घरेलू निवेशकों की भूमिका पूंजी बाजारों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगी।

भविष्य को देखते हुए, नीति निर्माताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे ऐसे माहौल को बढ़ावा दें, जो घरेलू निवेश को प्रोत्साहित करे और यह सुनिश्चित करे कि विदेशी निवेशक बाजार का अभिन्न अंग बने रहें। घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशकों के हितों को संतुलित करना शेयर बाजार में विकास और स्थिरता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

-साभार

### एक पेड़ मां के नाम अभियान को व्यापक रूप से घर-घर तक पहुंचाएं: संभागायुक्त

# श्री अन्न स्वास्थ्य के लिए उत्तम आहार है, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें

## शिविर लगाकर महाविद्यालयीन छात्रों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएं...



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

स्वास्थ्य विभाग डेंगू एवं मलेरिया के मरीजों का समुचित उपचार करते हुए डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारी के बारे में आम जनता को जागरूक करें। आम जनता के बीच जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं। सभी को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के उपाय बताएं। उक्त निर्देश नर्मदा पुरम संभागायुक्त के जी तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक को संभागीय टीएल बैठक में दिए। संभागायुक्त ने कहा कि गांव में आरोग्य केंद्र निर्धारित समय पर खुले। उन्होंने कहा कि सभी आरोग्य केंद्र की जानकारी से उन्हें अवगत कराया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग वर्षा जनित बीमारियों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता एवं मुस्तेदी से कार्य करें।

संभागीय टीएल बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा की, अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में और गति लाई जाए इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाया जाए। सभी स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने स्कूल , कॉलेज एवं घर में एक पेड़ अनिवार्य रूप से लगाए। उन्होंने कहा कि हम सभी का जीवन पेड़ पौधों से जुड़ा हुआ है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर हम पर्यावरण का संरक्षण करें। एक पेड़ लगाने के पश्चात पेड़ के साथ फोटो वायु दूत एप में अनिवार्य रूप से अपलोड करें। बताया गया कि शिक्षा विभाग, उद्यानकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग अपने दिए गए लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण का कार्य प्राथमिकता से कर रहे हैं।

संभागायुक्त ने जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान को निर्देश दिए कि वह सभी महाविद्यालय में शिविर लगाकर महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस प्राथमिकता से बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह जिले के सभी महाविद्यालय में शिविर लगाने की तिथि के बारे में सभी को अवगत कराए।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने कहा कि मोटा अनाज अर्थात श्री अन्न कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा को फसल गिरदावरी में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि श्री अन्न स्वास्थ्य के लिए सबसे उत्तम आहार होता है। इसलिए इसको अपने भोजन में शामिल करने के लिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने बैठक में एयर एंबुलेंस के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बताया गया कि बैतूल में एक गंभीर मरीज को एयर एंबुलेंस से एयर लिफ्ट किया गया था। संभागायुक्त ने कहा कि नर्मदा पुरम एवं हरदा में भी एयर एंबुलेंस का प्रभावी उपयोग गंभीर मरीजों को एयरलिफ्ट करने में किया जाए। संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि यदि कलेक्टर रिकमेंड कर रहे हैं की शिकायत फर्स्ट क्लोज की जाए तो सभी संयुक्त संचालक अपने स्तर पर शिकायत का स्पेशल फर्स्ट क्लोज करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को छात्रावास एवं आश्रम शालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहां की निरीक्षण के दौरान जो कमियां पाई जाती है उसका निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेख करते हुए निरीक्षण प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने प्रति बुधवार को होने वाली विभागीय साप्ताहिक बैठक के बारे में सभी अधिकारियों को जानकारी से अपडेट रहने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने बताया कि 1 सितंबर से प्रति बुधवार सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। श्री तिवारी ने सभी कार्यालय में फेस आईडी मशीन से उपस्थित दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन, कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

# पचमढ़ी में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव: दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में वर्षा ऋतु में अपने पूरे शबाब पर है, पचमढ़ी में चारों तरफ हरियाली के विहंगम दृश्य नजर आ रहे हैं। पूर्ण प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मध्य प्रदेश पर्यटन की इकाई होटल हाइलैंड में प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पर्यटन के निर्देशानुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर अपने यहां पधारे अतिथियों के मनोरंजन हेतु इकाई में कृष्ण जन्मोत्सव व मटकी फोड़ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही विविध सांस्कृतिक व पारंपरिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर इकाई में गुजरात से पधारे अतिथियों को सुखद अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से निगम की इकाई में जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें म्यूजिक, मटकी फोड़, अद्भुत झांकियां एवं लजीज व्यंजन परोसे गए।होटल हाइलैंड में कृष्ण-बलराम की अद्भुत झांकी सजाई गई साथ ही दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वहां ठहरे अतिथियों द्वारा भाग लिया गया व बच्चे-बुजुर्ग सभी ने दही हांडी फोड़ने में अपने हाथ आजमाए। कुछ अतिथियों द्वारा सफलतापूर्वक मटकी फोड़ी गई,जिस हेतु उन्हें इकाई द्वारा पुरस्कार भी वितरित किए गए। राजकोट से आए मनीष भाई मेहता द्वारा उक्त आयोजन की बेहद प्रशंसा की गई व उनके द्वारा बताया गया कि इकाई प्रबंधन द्वारा किया गया आयोजन हमारी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छा रहा। हमारे समस्त ग्रुप द्वारा जन्मोत्सव को बड़े हर्ष के साथ मनाया। उनके द्वारा इकाई में प्राप्त उच्च स्तरीय सर्विस, स्वादिष्ट भोजन, उत्तम साफ सफाई व्यवस्था, एवं प्रेम पूर्वक व्यवहार हेतु इकाई कर्मचारियों की प्रशंसा की गई एवं समस्त ग्रुप द्वारा इकाई के कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।क्षेत्रीय प्रबंधक ए यू खान द्वारा बताया गया पचमढ़ी स्थित निगम की सभी इकाइयों में अतिथियों को सुखद अनुभव देने हेतु कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया है। श्री खान द्वारा दही हांडी में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए, साथ ही निगम की ओर से स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। उनके द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी मध्य प्रदेश पर्यटन इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है और निरंतर यूं ही आगे भी करता रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक ए यू खान द्वारा इकाई प्रबंधक अनिल राय, शलभ गौतम, जिनेन्द्र सिंह व होटल हाइलैंड के समस्त कर्मचारियों कोई जन्मोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर चंपक बांग्ला प्रबंधक एच. एस. दंडोतिया,ग्लेनव्यू प्रबंधक नितिन कटारे, होटल अमलतास प्रबंधक आशीष गुप्ता ने अपना मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग से गौशालाओं एवं अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किए जा रहे निराश्रित गौवंश..



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर इटारसी और बुदनी के मध्य 43 किलोमीटर लंबे राज्यमार्ग में निराश्रित गौवंश को समीपस्थ गौशाला एवं अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है की शासन द्वारा उक?त संबंध में निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों तथा अन्य सड़कों एवं राजमार्गों पर आवारा एवं निराश्रित पशुओं को हटाया जाए। इसी अनुक्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, नर्मदापुरम द्वारा उक्त समस्या को हल करने के लिए तथा राजमार्ग पर सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुनिश्चित करने की दृष्टि से विभाग द्वारा 8 कर्मियों की एक टीम और निराश्रित तथा आवारा पशुओं को स्थानांतरित करने के लिए वाहन की तैनाती की गई है। विभाग द्वारा उपलब्ध की गई जानकारी अनुसार घायल एवं मृत मवेशियों के लिए भी एक विशेष वाहन आवंटित किया गया है। उक्त समस्या को हल करने के लिए विभाग द्वारा अब तक 600 से अधिक मवेशियों को बरखेड़ा के समीप जंगल में स्थानांतरित किया जा चुका है तथा प्रतिदिन 80 से 120 मवेशियों को समीपस्थ जंगलों में स्थानांतरित किया जा रहा है। विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि गत दिवस कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एवं अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय कर मवेशियों को राजमार्ग से समीपस्थ ग्रामों की गौशालाओं में भी स्थानांतरित किया जा रहा है जिसके लिए प्रथक से एक टीम तैयार की गई है।



# चोरों के हौसले बुलंद, आए दिन हो रही चोरियां

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा में लगातार चोरियों की वारदात बढ़ती जा रही है चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि वह दिनदहाड़े किसानों के साथ लूट करके भाग जा रहे हैं वहीं रात के समय लोगों के घरों में चोरी करने के बाद अब वाहनों पर भी अपना निशाना बना रहे हैं लगातार हो रही चोरियों की वारदात से नगर में भय का वातावरण बना हुआ है बीती रात मनीष राठौर के घर के पीछे वाली गली में रखी हुई अपनी स्कूटी को कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। अज्ञात चोर किस प्रकार से स्कूटी चोरी कर के लेजा रहा है वहीं सिवनी मालवा के राठौर बिल्डिंग मटेरियल के सामने से अज्ञात बच्चों द्वारा लोहे की चोरी का पूरा सीसीटीवी फुटेज केमरे में कैद हो गया इसके अलावा किसानों द्वारा बैंकों से पैसा जमा करते समय लूट की वारदात हो या नगर में फर्जी पुलिस वाले बनकर वृद्धो के साथ हो रही लूट से नगर अब सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। नगर के बुद्धिजीवी लोगों ने और पत्रकारों ने इस और पुलिस कप्तान से मांग की है कि नगर में बढ़ रही चोरियों की वारदात को कम करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं।



# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 48 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आर्थिक सहायता, पीएम आवास, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, विद्युत बिल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से संबंधित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार खंभे से टकराई, दो लोग हुए घायल



**सिवनी मालवा** ।लोखर तलाई के पास डीजल डलवा कर तिनसिया की और आ रही एक सफेद कलर की कार तेज रफ्तार स्पीड में लोखर तलाई और सूरजपुर के पास अनबैलेंस होकर टर्निंग पर पलटी खाकर 11 केबी के खंभे से जा टकराई जिसके कारण खंभा टूट गए खंभा टूटने से सूरजपुर सहित एक दर्जन गांव की बिजली रात भर से गोल है। घटना बीती शाम की बताई जा रही है खबर लिखे जाने तक लाइट नहीं जुड़ पाई कार में सवार दोनों युवकों को मामूली चोटें आई हैं। कार को जेसीबी की मदद से निकाला गया बताया जाता है कि कार तीनसिया के रहने वाले रघुवंशी परिवार की थी।

**मेट्रो एंकर** | डोलरिया में आयोजित हुई भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला,

# नपाध्यक्ष ने कहा- प्रत्येक बूथ पर 18 वर्ष से अधिक का व्यक्ति कार्यकर्ता बनाना है



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा की ओर से देश भर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के डोलरिया भाजपा मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। सदस्यता अभियान की कार्यशाला के मुख्य वक्ता नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे रहे। कार्यशाला में इनके अलावा भाजपा जिला सदस्यता अभियान प्रभारी भरत सिंह राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा रिंकू जैन, मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य शिवा राजपूत, प्रताप राजपूत, विरेंद्र गौर, अर्चना मेहतो, ज्योत्सना पटेल, ब्रजकिशोर पटेल, सुनील चौधरी मंडल महामंत्री सहित अन्य मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां कार्यशाला में अभियान के भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को प्रत्येक शक्ति केंद्र व बूथ स्तर पर लक्ष्य के अनुसार पार्टी के नए सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। श्री चौरे ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर हमे 200 भाजपा सदस्य बनाने हैं। इसके लिए एक सितम्बर से अभियान प्रारंभ हो रहा है। श्री चौरे ने कहा कि आज भाजपा जिस स्थान पर है वह आप देवतुल्य कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण पहुंची है। श्री चौरे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है की तीसरी बार लगातार देश में भाजपा की सरकार बनी है।

जिला सदस्यता प्रभारी भरत सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विश्व में भारत की साख और सैन्य शक्ति लगातार बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डोलरिया मंडल को 10 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि देश के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ना हमारा मुख्य लक्ष्य है। प्रत्येक 18 वर्ष के वयस्क को पार्टी का सदस्य बनना है। देश में कोई भी पार्टी का विरोधी नहीं बचे, यह संकल्प लेकर सबको चलना होगा।

मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें जिले में सबसे ज्यादा सदस्य बनाकर इतिहास रचना है। सभी लोग अपने अपने बूथ पर सक्रिय होकर इस अभियान को सफल बनाएंगे।नगरपालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा रिंकू जैन ने कहा कि शक्ति केंद्रों पर बैठक कर हमें अपनी रणनीति आगे पहुंचानी है, प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान से जोडना है।

### बैठक में यह भी मौजूद रहे

कार्यशाला में सुनील राजपूत, राकेश गौर, मनीष पटेल, सतीश यादव, मनोज सिंह राजपूत, अभिषेक बडकुर, श्याम गालर, निवेश पाठक, मुकेश कुमार प्रजापति, राजू जैवार, राकेश सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।



आबकारी विभाग के शह पर शराब ठेका कंपनी श्री स्वस्तिक रिद्धि ट्रेडर्स की मनमानी जारी

# गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब, नशे की गिरफ्त में युवा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा की जिले भर की आबकारी दुकानों की ठेका कंपनी श्री स्वास्तिक रिद्धि ट्रेडर्स ने कुरवाई क्षेत्र के गांव-गांव में अवैध दुकानें खुलवा दी हैं। जहां पर शराब अब बेरोक-टोक बेची जा रही है। जिसका नतीजा यह हो रहा है कि अब गांव गांव में



नवयुवक नशे के आदी हो रहे हैं। इससे कई परिवार बर्बादी की कगार पर आ गए हैं तो वहीं वाहन दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। हालात ये हैं कि गांव-गांव में भी चाय, पान ठेले, कुछ किराना दुकानों व कुछ घरों में भी शराब बिकवाई जा रही हैं और ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं। यदि आबकारी विभाग के अधिकारी क्षेत्र का निरीक्षण करें तो स्वयं ही उन्हें वस्तु स्थिति पता चल जाएगा कि कहां अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। किंतु संबंधित जिम्मेदार अभिज्ञ हैं। कई वैध दुकानों से एमआरपी रेट से ज्यादा में शराब बेचने के मामले भी सामने आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक जिले में श्री स्वास्तिक रिद्धि ट्रेडर्स के पास देशी व अंग्रेजी शराब बेचने का ठेका है। यह ठेका शराब की दुकानों से ही शराब बेचने का है, जिसकी शर्तें आबकारी विभाग अनुबंध करके लागू भी की हैं। ठीक इसी तरह दुकान क्षेत्र के अंदर ही शराब बिक्री करने का प्रावधान रखा गया है। लेकिन दुकानों से शराब बिना नियमों के इन ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब कुरवाई क्षेत्र के ग्राम बाबूवार, बामोरी, नाऊकुंड, टेंकू, करैया, भौंरासा, बरुअल, बरखेडा, गिरवासा, शेखपुर, कांकर, रुसिया, घुरावली, कोलूआ, पडरिया, राजपुर, कैथौरा, कुम्हरिया आदि ग्रामों में शराब ठेकेदार कंपनी श्री स्वास्तिक रिध्दी ट्रेडर्स उज्जैन द्वारा कमीशन एजेंट बनाकर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

कुरवाई अनुविभाग में 11 और जिले में 74 दुकान संचालित - कुरवाई अनुविभाग के कुरवाई नगर और मेहलुआ चौराहा पर दो-दो कंपोजिट शराब दुकान एवं पठारी, भालबामोरा, सीहोरा, बिशनपुर, पीकलोन, वरबाई, लायरा आदि में एक-एक कम्पोजिट शराब दुकानों से विकासखंड के कितने गांव में एजेंट बनाए गए होंगे इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है।

**इनका कहना है -**

*आबकारी विभाग द्वारा श्री स्वस्तिक रिद्धि ट्रेडर्स पर पूर्व में भी कार्रवाई में की गई है और आपके द्वारा जो गांव-गांव बिक रही शराब की बात संज्ञान में लाई गई है। पुलिस और आबकारी विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।*

*विनय रंगशाही, जिला आबकारी अधिकारी, विदिशा*

# राजस्व अभियान: नक्शा तरमीम प्रकरणों के निराकरण कार्यों में गति लाएं : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सबसे पहले जिले में जारी वर्षा को ध्यानगत रखते हुए जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिले के सभी डैमो की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान परियोजना के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संजय सागर बांध के सभी गेट बंद है। कलेक्टर ने कहा कि अन्य सभी बांधों के गेट जो खुले हुए हैं उन्हें बंद कराने की कार्यवाही जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से भी संवाद कर जल भराव की स्थिति, मार्ग बाधित, पुल-पुलियों के ओवरफ्लो तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल भराव की स्थिति से निपटने के कार्यों के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पुल-पुलियों पर पानी होने पर किसी भी स्थिति में अवागमन ना हो। आवागमन बंद कराने तथा सुरक्षा के सभी प्रबंध सुनिश्चित कराने के लिए सभी एसडीएम व्यवस्थाएं बनाएं रखें।

कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित राजस्व महा अभियान 2.0 के कार्यों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में सभी अनुविभागीय अधिकारी विशेष ध्यान दें। राजस्व महा अभियान के क्रियान्वयन में विदिशा जिला चौथे स्थान पर है नक्शा तरमीम के कार्यों में मेहनत और लगन से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि आगामी दिवसों में जिला प्रथम पायदान पर पहुंच सके। उन्होंने जिन तहसीलों में नक्शा तरमीम के कार्यों में पेंडेंसी है उन तहसीलों के अधिकारियों को शीघ्र अतिशीघ्र पेंडेंसी निपटाए जाने के निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान अवगत कराया गया कि बासौदा में 1100, विदिशा ग्रामीण में 1300, लटेरी में 800 तथा सिरोंज में 1800 से अधिक नक्शा तरमीम के प्रकरण लंबित हैं।

**पीएम जनमन की समीक्षा -** कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन अंतर्गत जिले में क्रियान्वित कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले में निवासरत सहरिया परिवारों के नागरिकों को शत-प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु समग्र आईडी, आधार कार्ड बनाए जाने के कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से शेष रहे सहरिया परिवारों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने आगामी सप्ताह में समग्र आईडी और आधार कार्ड की पेंडेंसी निपटाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और समग्र आईडी के कार्यों में निराशाजनक स्थिति पाए जाने पर सुधार लाए जाने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन योजना तहत आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड, पात्रता पर्ची, जन धन योजना, पीएम आवास योजना, आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों तथा स्व सहायता समूह योजना से लाभान्वित किए जाने के कार्यों की भी समीक्षा की गई।



## जीर्ण-शीर्ण भवनों पर कार्यवाही करने के निर्देश

कलेक्टर ने बारिश के दौरान सुरक्षा को ध्यानगत रखते हुए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए जिले में चिह्नित किए गए जीर्ण-शीर्ण भवनों के संबंध में भी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो जीर्ण-शीर्ण भवन चिन्हित किए गए हैं उनके भू-स्वामियों को नोटिस देकर नियमानुसार कार्यवाही करें या तो भू-स्वामी जीर्ण-शीर्ण भवनों को स्वेच्छा से हटा लें अन्यथा आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल बैठक में कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू बीमारी के संबंध में उचित प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने डायरिया बीमारी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की है।

## पीएम जनमन योजना के तहत आज 36 स्थलों पर शिविरो का आयोजन एक साथ

**सिरोंज।** पीएम जनमन योजना के तहत विदिशा जिले में विशेष शिविरो का आयोजन जारी है। उक्त कड़ी के तहत बुधवार 28 अगस्त को एक साथ जिले की 36 ग्राम पंचायतो में शिविरो का आयोजन किया गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए पीएम जनमन योजना की जिला नोडल अधिकारी व जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन ने बताया कि विदिशा जिले के छह विकासखण्डों में बुधवार को क्रमशः छह-छह स्थलों पर एक साथ शिविरो का आयोजन किया गया है। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल के साथ-साथ सीएससी, पोस्ट आफिस, आधार आपरेटर, लोक सेवा केन्द्र आधार आपरेटर के अलावा आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए व्हीएलई नियुक्त किए गए है। कलेक्टर जारी आदेशानुसार जनपद पंचायतवार आयोजित होने वाले शिविरो के तहत कुरवाई जनपद पंचायत की ग्राम साकोली बरखेड़ा, भगोदा, बुखारा, रेवारा, पनावर एवं विकासखंड विदिशा में हरुखेड़ी, छाप खेड़ा, पीपलखेड़ा कला, मूडराहरिसिंह, मडियाकला, हरनोदा, विकासखंड सिरोंज में रिनिया, राजाखेड़ी, घटवार, ढिमोली, मोहम्मदनगर, बागरोदा, ग्यारसपुर में पंचपेडिया, ग्यारसपुर, पिपरियाजागीर, हरहरखेडी, नोरजा, नबावगंज एवं नटेरन में शाहपुर, बेरखेड़ी घाट, जोहद, बींझजागीर, तिलातिली, एवं चंपाखेडी और बासौदा विकासखण्ड में ग्राम ककरावदा,जरोदीखेडा, तवकलपुर, अंबानगर, कैथोरा, गमाखर में शिविरो का आयोजन किया जाएगा।

**कैंप दिशा निर्देश -** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में पीएम जन-मन शिविरों का सुव्यवस्थित रूप से आयोजन कर जिले में चिंहित सहरिया जनजाति वर्ग बाहुल्य क्षेत्रों के रहवासियों को निर्धारित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से शत् प्रतिशत लाभांवित किया जाना है।पी.एम. जनमन अंतर्गत सहरिया जाति के हितग्राहियों के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में कैंप का आयोजन जारी सूची अनुसार किया जाना है।

# यादव समाज करेगा श्रीकृष्ण मन्दिर निर्माण, विधायक सहित समाजसेवियों ने की निर्माण राशि की घोषणा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जन्माष्टमी के पवन पर्व पर यादव महासभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत विधायक उमाकांत शर्मा ने धूमधाम से किया गया। इस मौके पर उन्होंने शोभायात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के नगरों से पधारे यदुवंशियों का केसरिया पटका पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

सोमवार को नगर के मुख्य मार्गो पर आयोजित शोभायात्रा के लिए भारतीय जनता पार्टी संगठन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। रामलला पथ पर आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम से पूरी शोभायात्रा केसरियामय नजर आ रही थी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य शोभायात्रा में विधायक उमाकान्त शर्मा ने सिरोंज में यादव समाज से भव्य श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण का आव्हान करते हुए जनसहयोग से धनराशि एकत्रित करने का आव्हान किया। उन्होंने अपनी ओर से कुल सवा ग्यारह लाख रु देने की घोषणा की जिसमें उनकी



विधायक निधि से दस लाख तथा स्वयं की ओर से सवा लाख रु शामिल हैं। विधायक उमाकांत शर्मा के आव्हान पर यादव समाज के अनेक समाजसेवियों ने मौके पर ही एक एक लाख की घोषणा मन्दिर निर्माण के लिए की। भाजपा के नेता रमेश यादव ने एक लाख इक्यावन हजार की घोषणा की। इस अवसर पर यादव समाज सहित उपस्थित सनातन धर्मियों सेको संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा की सरकार में पहली बार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शासन स्तर भी मनाया जा रहा है। इसके लिए में सबकी ओर से धन्यवाद प्रस्तुत करता हूं। योग योगेश्वर श्री कृष्ण ने सभी वेदों,ऋचाओ,पुराणों का सार कहा है। अब सभी निकायों में गीता भवन का निर्माण तथा प्रत्येक विकासखंड में एक गाँव वृंदावन धाम बनाया जाएगा। गौमाता के संरक्षण के लिए सरकारी अनुदान को दौगुना करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश में सनातन धर्मियों पर अत्याचार किया जा रहा है। हिन्दू सनातन धर्म की रक्षा के लिए अहीर यादवों की लाठी घूमती रहनी चाहिए उन्होंने अपने बच्चो को लाठी तलवार चलाने सिखाने की भी बात कही। शोभायात्रा में शामिल डीजे ओर बैंड की थाप पर नाचते हुए चल रहे यदुवंशियों के साथ हरियाणा से आई कलाकरों की टीम द्वारा राधे कृष्ण ओर गोपियों के स्वरूप सजा कर झांकी में भगवान के बधाई नृत्य प्रस्तुत किए गए थे।

# मुगलसराय में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में, जीतने वालों को मिला इनाम



**सिरोंज।** मंगलवार को मुगलसराय में पालीवाल पेट्रोल पंप पर मटकी खोल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें गांव के युवाओं ने मटकी को फोड़ने के लिए काफी देर तक कड़ी मशक्कत के बाद मटकी को फोड़ने में ग्वालो की टीम को सफलता मिली इसके बाद विजेता टीम को पूर्व सरपंच वीरेन्द्र पालीवाल तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी के द्वारा इनाम की राशि प्रदान की गई ।इसके अलावा नगर में भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ यहां पर ग्वालो ने जोर लगाकर मटकी को फोड़कर पुरस्कार भी जीते।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में मौके पर ही छात्रा के आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार कराया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



कलेक्टर ने मंगलवार को जनसुनवाई में विदिशा के ग्राम बैलानारा निवासी छात्रा सुश्री मायावती अहिरवार के आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार कार्य को दुरुस्त कराकर मौके पर ही आधार कार्ड का प्रिंट आउट छात्रा को प्रदान किया है। जनसुनवाई में कुछ ही समय में अपनी समस्या का निराकरण हो जाने पर छात्रा सुश्री मायावती अहिरवार प्रसन्न मुद्रा में अपने घर की ओर रवाना हुई हैं। छात्रा सुश्री मायावती ने बताया कि आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार हो जाने से अब वह चिंता मुक्त हो गई हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वह विदिशा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में पढ़ाई कर रही हैं जबकि उनका आधार कार्ड शहडोल जिले का है जिसमें जन्मतिथि सुधार ना होने के चलते उन्हें शैक्षणिक कार्यो में बहुत परेशानी हो रही थीं लेकिन अब जनसुनवाई में जन्म तिथि सुधार हो जाने से यह सभी कार्य बिना किसी परेशानी के पूरे हो सकेंगे।छात्रा मायावती अहिरवार पिछ्ले कुछ समय से आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार कार्य के लिए यहां-वहां भटक रही थीं। उन्होंने बताया कि उनका जन्म शहडोल जिले में हुआ था परंतु वर्तमान में वह विदिशा के बेलानारा ग्राम में निवास करती हैं शहडोल जिले में जाकर भी उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया ताकि उनके आधार कार्ड में जन्मतिथि का सुधार कार्य हो सके।

# बुजुर्ग महिला को पालीवाल ने व्हील चेयर भेंट की

**सिरोंज।** मति केशर बाई पत्नी मिश्रीलाल चंदेल और विशनलाल, किशनलाल की माता को चलने में बहुत परेशानी हो रही थी क्योंकि उम्र 62वर्ष होने के कारण खिसक कर चलती थी इनको इस तरह चलते देखकर पंडित प्रशांत पालीवाल इन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर इनको नहीं ऊर्जा प्रदान की है। लगातार श्री पालीवाल जरूरतमंदों की तरह मदद स्वयं की तरफ से करते रहते हैं सरकारी व्यवस्था का इंतजार नहीं करते हैं। व्हीलचेयर मिलने के बाद दादी ने इनको आशीर्वाद भी प्रदान । इस दौरान ग्रामीण जैन भी मौजूद थे।



# बारिश थमते ही गर्मी से बढ़ी परेशानी, केथन डेम का कंठ खाली

**सिरोंज।** नगर की सप्लाई के लिए बनाया गया डेम अभी पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण पूरी तरह से नहीं भरा है क्योंकि अभी तक नगर में अच्छी बारिश नहीं होने के कारण बने हुए हैं दूसरी ओर इसकी वजह से गर्मी से मुक्ति नहीं मिल पा रही है ।पिछ्ले दिनों हुई बारिश से कुछ राहत मिली थी पर बारिश का दौर थमते ही मंगलवार को चिल्लाती धूप के कारण उमस के कारण लोगों की फिर से परेशानी बढ़ा दी तापमान में गिरावट नहीं होने से गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है ।मौसम में हो रहे लगातार बदलाव के कारण मौसमी बीमारियां भी पैर फैला रही है इसके चलते लोग कई तरह की बीमारी से पीड़ित हों रहें हैं।

**मेट्रो एंकर**

अखिल भारतीय जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य बने आईजा के राष्ट्रीय सलाहकार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) का राज्य स्तरीय सम्मेलन एंव शपथ विधि समारोह मां अहिल्याबाई होलकर की नगरी इंदौर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के वरिष्ठ पत्रकार डायमण्ड किंग हार्दिक होण्डिया मुबई की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री होण्डिया ने भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को राष्ट्रीय सलाहकार मनोनित किया। तो वही कार्यक्रम में विदिशा जिले के वरिष्ठ पत्रकार एंव मध्यप्रदेश शासन के अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से जैन पत्रकारों का महाकुम्भ के रूप में लगभग एक हजार से अधिक पत्रकारो ने कार्यक्रम में शामिल हुए।

आईजा के मंच से पत्रकारों को मिलेगा बल - कार्यक्रम को आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक होण्डिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जैन समाज एक ऐसा समाज है जो अलग टैलेंटेट है। जैन पत्रकारो को पूरे देश से संगठित



कर एक मंच पर लाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। हमेशा आमजनों एंव सर्वसमाज व दूसरे के हक की आवाज उठाने वाला पत्रकार भी कभी कभी अकेला नजर आता है। तब उस को जरूरत होती है कि उसे सामाजिक सहानुभूति व सहयोग मिलें। इसी मंशा के अनुसार आईजा के मंच से उन पत्रकारो को बल मिलेगा। कार्यक्रम में शपथ विधि समारोह के बाद देश में आईजा के माध्यम से जैन पत्रकार एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने की जानकारी दी। जो कार्य सामाजिक स्तर पर आईजा के सदस्यों ने किया है वह बडा ही गौरव का विषय है। उन्होने कहा कि कोरोना काल व नेत्र शिविरो के आयोजनो के माध्यम से आईजा ने हजारो लोगो की आंखो में रौशनी लाने का काम किया। तो वही गौमाता की रक्षा के लिए भी गायों को गौशालाओ में ले जाकर उन्हें स्थान दिया है। इसके साथ ही गुमशुदा नागरिको को उनके परिजनो से मिलाया है व राष्ट्रीय राज्य मार्गो पर दुघर्टना में ग्रस्त नागरिको को अस्पताल पहुचाने का कार्य किया गया। इतना ही नही शमशान घाटो को भी सवारने का कार्य आईजा के सदस्यों द्वारा किया गया। आईजा के सदस्यों में एक से बडकर एक प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है। तो कई पत्रकार में सांस्कृतिक क्षेत्र में माहिर है। श्री हुंडिया ने बताया कि समाज में आज ऐसी स्थिति बन गई है जिसको लेकर हमे एकजुट होकर समाज के लिए ईमानदारी से कार्य करना हैं। समाज में बढ़ते ट्रष्टवाद और हमारे धार्मिक आस्था के संस्थानों को नुकसान पहुंचाने वाली असामाजिक गतिविधियों को समाज के सामने लाना है। वही अपने वकत्व में श्री हुण्डिया ने कहा कि जब बिजली चमकती है तो आकाश बदल देती है और आधी उठती है तो दिन-रात बदल देती है और जब बिजली गरजती है तो आईजा की शक्ति इतिहास बदल देती है। मां अहिल्याबाई की नगरी में भगवान महावीर के कलमकारो ने स्वणर्म अक्षरों से आईजा की महाशक्ति बनकर इतिहास रच दिया है।

## राजीव जैन सैनानी को मिला सम्मान

आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया ने विदिशा जिले के आईजा उपाध्यक्ष एंव वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सैनानी का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर राजीव जैन सैनानी ने कहा कि में अभिभूत और गौरंवित हूं कि आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया एंव प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप वाफना ने मुझे हजारो कलमकारो के सामने मेरा सम्मान किया। में उनका आभार व्यक्त करता हूं। श्री सैनानी ने कहा कि वास्तव में राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया एक अति सरल स्वभाव व जमीन से जुडें शक्सीयत है। मुंबई जैसे बडें शहर में इतने बडें पद पर होने के बाद भी छोटे-छोटे कमलकार जो ग्रामीण स्तर पर कार्य कर रहें है। उन्हें भी सम्मान से नमाजा जा रहा है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री बनें आईजा के राष्ट्रीय सलहाकार

भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया ने उन्हें राष्ट्रीय सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सदैव कलमकारो के लिए समर्पित रहकर उनके हक की लडाई लडतें आए है। साथ ही वह जैन समाज के लिए समर्पित होकर निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहें है। इनके मनोनयन पर पूरे देश के आईजा परिवार में खुशी की लहर है। इस अवसर पर आईजा के उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने पूर्व मंत्री प्रदीप जैन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जो संदेश भेजा था उस संदेश का वाचन किया।

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप वाफना बोले

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप वाफना ने शपथ ग्रहण करने के बाद आईजा के लिए समर्पित होकर कार्य करने की बात करते हुए कहा कि में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक जिला,शहर व गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करूंगा। उल्लेखनीय है कि डॉ श्री वाफना ने काफी कम समय में प्रदेश के अधिकांश जिलो में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है।




मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सुबह भोपाल स्थित एम्स परिसर पहुंचे और यहां भर्ती राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिले, जो दो दिन से बुखार के चलते यहां हैं। इसके बाद यादव ने एम्स में ओपीडी में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से कुशलक्षेम पूछी और संस्थान की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# रेलवे ऑउटर पर महिला का पर्स झपटकर भागा बदमाश, यात्रियों के मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में लूटपाट और चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। निशातपुरा आउटर पर एक बदमाश महिला के हाथ से पर्स झपटकर भाग निकला। इधर कई अन्य यात्रियों के कीमती मोबाइल चोरी चले गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार जनता कालोनी कुंडीपुरा छिंदवा?ा निवासी चंचल पांडे अपनी बेटियों के साथ त्रिशताब्दी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में इंदौर से पांढुर्ना की यात्रा कर रही थी। रात करीब डेढ़ बजे ट्रेन निशातपुरा आउटर पर पहुंची, तभी एक बदमाश उनके हाथ से लेडीज पर्स छीनकर भाग निकला। पर्स में 30 हजार रुपए कीमत के 2 स्मार्ट फोन, 7 हजार की स्मार्ट वॉच, 4 हजार रुपये नकदी समेत अन्य सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार बसंतपुर जिला सीवान बिहार निवासी नीरज कुमार पंजाब मेल एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। इटारसी स्टेशन के पास उनकी नींद लग गई। भोपाल स्टेशन आने से करीब दस मिनट पहले नींद खुली तो पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। युवक की जेब से चोरी हुआ मोबाइल बैतूल निवासी सक्षम गुप्ता त्रिकुल एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से बैतूल की यात्रा कर रहे थे। भोपाल स्टेशन पर ट्रेन में चढने् के दौरान किसी ने पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार सतना की रहने वाली सुधा कुशवाहा अपने बेटे के साथ रीवांचल एक्सप्रेस में सतना से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रही थी। बीना स्टेशन के बाद उन्होंने अपना लेडीज पर्स सिर के नीचे रख लिया था। कमलापति स्टेशन आने पर देखा तो पर्स गायब था। पर्स में मोबाइल फोन, दो हजार रुपये नकद, यात्रा टिकट समेत अन्य सामान रखा हुआ था। गेट पर बैठे युवक का मोबाइल चोरी भोपाल निवासी अर्श मंडलोई अमरकंटक एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से नरसिंहपुर की यात्रा कर रहा था। भीड़ ज्यादा होने के कारण वह कोच के गेट पर बैठ गया। इसी बीच किसी ने उसकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 25 हजार रुपये बताई गई है। इसी प्रकार बुरहानपुर निवासी नंदकिशोर सपकाल भोपाल से बुरहानपुर जाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचा। ट्रेन के इंतजार में वह प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित नई बिल्डिंग के पास सो गया, तभी किसी ने जेब से 15 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चार यात्रियों के मोबाइल समेत हजारों का सामान चोरी

ट्रेनों में सफर के दौरान चार यात्रियों के मोबाइल और पर्स समेत हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी पीयूष जैन इंदौर भोपाल एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे थे। इस दौरान उनकी नींद लग गई। भोपाल स्टेशन पहुंचने पर पता चला कि पैंट की जेब में रखा 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका है। इसी प्रकार बीकानेर में रहने वाले देवेंद्र ओमप्रकाश बेनिवाल मन्नारगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच में जयपुर से नागपुर का सफर कर रहे थे। भीड़ के कारण वह कोच के गेट पर खड़े थे, तभी किसी ने 17 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इधर भोपाल निवासी मुकेश कुमार मेहरा जीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर होशंगाबाद से भोपाल आ रहे थे। बरखेड़ा स्टेशन के पास देखा तो पैंट की जेब में रखा उनका मोबाइल चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार पांच सौ रुपये बताई गई है। इसी प्रकार बरेली एक्सप्रेस में बरेली से मुंबई की यात्रा कर रही तस्लीम हुसैन का सीट पर रखा पर्स चोरी हो गया। यह घटना रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हुई। चोरी गए पर्स में आधार कार्ड, एटीएम कार्ड के साथ ही 10 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन और 15 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। सभी मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## छोटी-बड़ी खबरें

### डायल 100 ने जहर खाने वाले को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हबीबगंज इलाके में मंगलवार को एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 100 ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जांच के बाद जहर खाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार हबीबगंज थानांतर्गत प्रशासन अकादमी स्थित आवासीय परिसर में रहने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को कमरे में बंद कर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसकी सूचना राज्यस्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 को मिली। कंट्रोल रूम ने हबीबगंज इलाके की एफआरवी को तत्काल मौके पर रवाना किया। एफआरवी पर तैनात हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा और पायलेट अशोक पाटिल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा और जहर खाने वाले व्यक्ति को एफआरवी के माध्यम से नजदीक के निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति का इलाज चल रहा है। आगे की कार्रवाई के लिए हबीबगंज थाने को सूचना भेज दी गई है।

### पुलिस के हत्थे चढ़े गांजा तस्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बैरसिया पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास रखा 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त हुए गांजे की कीमत 8 हजार रुपए बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। एसआई हेमंत सिंह ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि बैरसिया स्थित बर्री घाट के पास मौजूद दो युवक गांजे की पुड़िया बेच रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ पर उन्होंने अपने शिवचरण जाट निवासी ग्राम मनख्याई और वीरेंद्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम कचनारिया थाना बैरसिया बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास कुल 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह तस्करों से गांजा लाकर छोटी पुड़िया बनाकर बेचने का काम करते थे। पुलिस ने गांजे की सप्लाई करने वालों की जानकारी जुटा रही है।

### शराब के पैसे न देने पर कार के कांच फोड़े

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर इलाके में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर एक बदमाश ने युवक की कार के कांच फोड़ दिए। पुलिस के मुताबिक चंदन पाल (34) ठेकेदारी करते हैं। रविवार की रात करीब पौने बारह बजे वह अपने दोस्त को छोडने् के लिए बाणगंगा गए थे। दोस्त को छोड़ने के वापस लौटते समय गोपाल पाटिल मिल गया और चंदन पाल से शराब के लिए पांच सौ रुपये की मांग करने लगा। चंदन ने रुपये देने से इंकार किया तो गोपाल ने पत्थर उठाकर उनकी कार के आगे-पीछे के कांच फोड़ दिया।

### एसआई ठाकुर बने नजीराबाद थाना प्रभारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** देहात जिले के ईंटखेड़ी थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर कृष्णा ठाकुर को नजीराबाद थाने का थाना प्रभारी बनाया गया है। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने सोमवार को इसके आदेश जारी किए। आदेश के तहत नजीराबाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर हरिशंकर वर्मा को ईंटखेछड़ी थाने में पदस्थ किया गया है। दोनों ही सब इंस्पेक्टर 2017 बैच के अधिकारी हैं।

## विरोध प्रदर्शन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** दलितों पर अत्याचारों के विरोध में कांग्रेस के अजाजजा प्रकोष्ठ ने अनुसूचित जाति जनजाति के प्रदीप अहिरवार के नेतृत्व में सीएम हाउस घेरने का प्रयास किया तो पुलिस ने वाटर कैनन चलाया। वहीं महिला कांग्रेस आज नारी न्याय आंदोलन कर रही।



## टक्कर से बाइक सवार सफाईकर्मी की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के सामने बायपास पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा यूनिवर्सिटी से निकलते समय गेट पर हुआ। हादसे के बाद घायलों को आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां करीब चार घंटे चले इलाज के बाद एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे भाई को गंभीर चोट होने के कारण इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार जियालाल पिता रामचरण वाल्मीकि (56) आदमपुर छावनी, बिलखिरिया में रहता था और सेज यूनिवर्सिटी में सफाईकर्मी बतौर नौकरी करता था। उसका चचेरा भाई बाबूलाल वाल्मीकि भी उसके साथ यूनिवर्सिटी में सफाईकर्मी का काम करता है। मंगलवार सुबह दोनों भाई काम पर आए थे। काम खत्म करने के बाद दोनों बाइक से घर जाने के लिए निकले। उन्हें बर्रई आना था और सेज यूनिवर्सिटी से निकलकर बायपास पहुंचे ही थे कि टोल नाके की तरफ से आ रही सफेद रंग की कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने दोनों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां करीब चार घंटे चले इलाज के दौरान शाम करीब छह बजे के आसपास डॉक्टर जियालाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाबूलाल का आईसीयू में इलाज चल रहा है।

### पुलिस ने दर्ज किया था साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण, तीन दिन बाद इलाज में हो गई मौत

## पुरानी रंजिश में युवक की सिर पर पत्थर मारकर हत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




नारायण नगर बागसेवनिया में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर पत्थर से हमला कर दिया। मारपीट में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां बीती रात उसकी मौत हो गई। उक्त मामले में पुलिस ने साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया था। मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में कार्रवाई करेगी। पुलिस के अनुसार 56 साल के मानसिंह कंसोठिया, कुरावर जिला राजगढ़ के रहने वाले थे। इन दिनों वह ईश्वर नगर बागसेवनिया में रह रहे थे और मजदूरी करते थे। उनकी इलाके में रहने वाले सुनील और मंगल से पुरानी रंजिश थी। गत 25 अगस्त को सुनील और मंगल ने उन्हें नारायण नगर कलारी के पीछे रेलवे ट्रैक पर रोक लिया। रोकने के बाद आरोपियों ने पुरानी बात को लेकर उनसे गालीगलौज करनी शुरू कर दी। मानसिंह ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने हाथ पाई करते हुए ट्रैक के पास पड़े पत्थर से मानसिंह के सिर पर हमला कर दिया। सिर में पत्थर लगने से मानसिंह को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां करीब तीन दिन बेहोशी की हालत में रहने के बाद उनकी बीती रात मौत हो गई।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



गोविंदपुरा में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगा ली। उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मचुर्री भेज दिया है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक विष्णु मीना (24) अपनी मां के साथ पुराना नगर गोविंदपुरा में रहता था। वह एक फूड कंपनी में डिलेवरी ब्वाय का काम करता था। मंगलवार दोपहर को पड़ोसियों ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा। विष्णु को फंदा से उतारकर इलाज के लिए तुरंत ही हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मर्ग जांच के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## पुल बोगदा रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुल बोगदा रेलवे ट्रैक पर बीती रात एक युवक की लाश बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। हालांकि उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार जाहिद पिता इंद्रीश खान (37) कल्ला शाह का अहाता, बरखेड़ी फाटक में रहता था और प्राइवेट काम करता था। बीती रात करीब 1 बजे उसकी लाश पुल बोगदा रेलवे ट्रैक से पुलिस ने बरामद की। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजन अभी शोकाकुल है और कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। उनके बयान होने के बाद ही आत्महत्या के कारण सामने आ सकेगे।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए मध्यप्रदेश के तीन शिक्षक चयनित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने देश भर के 50 शिक्षकों का चयन कर सूची जारी कर दी है। मध्यप्रदेश के तीन शिक्षकों को इस बार इस पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों की मेहनत का हमेशा सम्मान किया जाता है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि इन शिक्षकों के कार्यों से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूल के दो और एक जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक का चयन किया गया हैं। दमोह जिले के शासकीय माध्यमिक स्कूल लिधोरा के माधव प्रसाद पटेल, मंदसौर जिले के शासकीय हाईस्कूल खजूरिया सारंग की शिक्षिका सुनीता गोधा व डिंडौरी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय की शिक्षिका सुनीता गुप्ता का चयन हुआ है। इन शिक्षकों को पांच सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इन्हें 50 हजार रुपये नकद, प्रमाणपत्र सहित सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जाएगा

**भोपाल में आयोजित होगा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह:** लोक शिक्षण संचालनालय का इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तर के इस समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार में चयनित शिक्षकों को और पिछले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के पुरस्कृत 2 शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये शिक्षकों से आवेदन-नामांकन प्राप्त किये जाकर जिला चयन समिति एवं संभागीय चयन समिति की अनुशंसा प्राप्त की गई है। इस प्रक्रिया के बाद राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा कक्षा 1 से 8 प्राथमिक माध्यमिक श्रेणी में 8 शिक्षकों और कक्षा 9 से 12 उच्चतर माध्यमिक श्रेणी में 6 शिक्षकों इस प्रकार कुल 14 शिक्षकों का राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयन जाएगा।

**मेट्रो एंकर** हत्या के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस मोबाइल के सीडीआर से मिलेगा सुराग

## झाड़ियों में मिले युवक के शव की हुई पहचान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बिलखिरिया स्थित आरटीओ कार्यालय के पास झाडियों से बरामद हुए युवक के शव की पहचान कर ली गई है। अज्ञात व्यक्ति ने उसकी गला रेतकर और सिर पर पत्थर मारकर हत्या की थी। मृतक के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई जा रही है, जिसके उसकी टावर लोकेशन का पता चल सकेगा। साथ ही यह भी मालूम होगा कि आखिरी बार उसकी किन लोगों से बातचीत हुई थी। मंगलवार को पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब सवा दो बज बिलखिरिया पुलिस ने कोकता ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय के पास झाडियों से एक युवक की लाश बरामद की थी। अज्ञात आरोपियों ने युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर और सिर में पत्थर मारकर हत्या की थी। उसके बाद लाश आरटीओ कार्यालय के सर्विस रोड के पीछे झाड़ियों में फेंक दी थी। मृतक की तलाशी में ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। इस पर पुलिस ने शव मिलने की सूचना, मृतक का हुलिया समेत अन्य जानकारी सभी थानों को भेजने के साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित की। उसके बाद एक छावनी पठार में रहने वाले एक परिवार ने पुलि से संपर्क किया। उसके बाद मृतक की पहचान सुपियार शिल्पी (22) निवासी छावनी पठार के रूप में हुई। सुपियार अपने माता-पिता और दो भाइयों के साथ रहता था और मिस्त्री का काम करता था। उसकी दो बहनों और एक भाई की शादी हो चुकी है, जबकि सुपियार सबसे छोटा था। शनिवार सुबह निकला था घर से मामले की जांच कर रहे एसआई मुन्नालाल दुबे ने बताया कि शनिवार 24 अगस्त की सुबह करीब दस बजे सुपियार काम पर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी नहीं दर्ज कराई थी। सोमवार को आरटीओ के पास बस स्टैंड के पीछे से दुर्गंध आने पर लोगों ने देखा तो उसका शव पड़ा मिला। मृतक का मोबाइल नंबर मिला है, जिसकी सीडीआर निकलवाई जा रही है। उसके बाद पता चल पाएगा कि घर से निकलने के बाद वह किन लोगों के संपर्क में रहा। प्रारंभिक पूछताछ में किसी से विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है।

### मप्र न्यायाधीश संघ के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न, न्यायाधीश रविन्दर सिंह अध्यक्ष, सक्सेना बने सचिव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र न्यायाधीश संघ के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हो गए गए। छतरपुर की जिला अदालत के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदस्थ रविन्दर सिंह को अध्यक्ष और भोपाल की जिला अदालत के जिला न्यायाधीश के अतुल सक्सेना को सचिव चुना गया है। इस चुनाव के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर इंदौर के जिला न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह कुशवाह, नरसिंहपुर के जिला न्यायाधीश नवीन शर्मा और राजगढ़ के जिला न्यायाधीश राजेश देवलिया को चुना गया है। इसी तरह सहसचिव के पद पर हटा जिला दमोह की जिला न्यायाधीश अर्चना सिंह और छतरपुर के जिला न्यायाधीश नरेश मेहरबान सिंह मीना एवं कोषाध्यक्ष पद पर इंदौर की जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा को निर्वाचित घोषित किया गया है। मप्र न्यायाधीश संघ की कार्यकारिणी भी इस दौरान तय कर दी गई है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022